राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# समाचार गेट

वर्ष 1, अंक 119, पेज 8, मूल्य 1 रूपये सोमवार 15 जुलाई 2024 samachargate@gmail.com TITLE CODE: HARHIN11569

# गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर कांपा अमेरिका

समाचार गेट/एजेंसी





न्यूयॉर्क। अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम में एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम सात लोगों के मौत की खबर है। बर्मिंघम पुलिस के अनुसार, इस घटना में 9 लोग घायल भी हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है, जिसमें से कई की हालत गंभीर है। बर्मिंघम पुलिस डिपार्टमेंट के अनुसार, पुलिस अधिकारी ई लोगों को गोली लगने की सूचना पर रात 11:08 बजे 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ के 3400 ब्लॉक में एक नाइट क्लब में पहुंचे। पहुंचने पर, अधिकारियों ने कई लोगों को गोली लगने से घायल हुए देखा।

इस घटना के थोड़ी देर बाद बर्मिंघम फायर एंड रेस्क्यू घटनास्थल पर पहुंचा और एक वयस्क पुरुष को मृत घोषित कर दिया, जो नाइट क्लब के पास एक फुटपाथ पर पड़ा था। बीएफआर-एस ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया, जिन्हें उन्होंने अंदर पाया। कई घायलों को बीएफआरएस के कर्मियों या निजी वाहन से यूएबी अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान यूएबी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। यूएबी में कम से कम नौ अतिरिक्त गोली लगने वाले पीड़ित उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गोलियां क्यों चलाई गई। पुलिस अधिकारी ट्रूमैन फिट्ज़जेरल्ड का कहना है कि अधिकारियों का मानना है कि कम से कम एक संदिग्ध ने सड़क से नाइट क्लब में गोली चलाई। इस समय कोई भी हिरासत में नहीं है। संघीय एजेंसियां जांच में बीपीडी की सहायता कर रही हैं। कोई भी व्यक्ति जिसके पास जानकारी है, वह 205-254-1764 पर बीपीडी से संपर्क कर सकता है।

बीपीडी ने रविवार सुबह निम्नलिखित बयान जारी कियाः हबर्मिंघम पुलिस विभाग इस दुख और क्षति की घड़ी में हमारे समुदाय के साथ खड़ा है, क्योंकि हमने बर्मिंघम शहर में हिंसा के मूर्खतापूर्ण कृत्यों को देखा है। हम पीड़ितों, उनके परिवारों और प्रभावित सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। ऐसी त्रासदी के बावजूद, हम पीड़ितों को न्याय दिलाने के अपने मिशन में दृढ़ हैं। हम जिम्मेदार लोगों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। बर्मिंघम पुलिस विभाग हमारे समुदाय की सुरक्षा और सुरक्षा की भावना को बहाल करने के लिए समर्पित है।

## हरियाणा में कांग्रेस की 'चार्जशीट' का 'वर्कशीट' से जवाब देगी बीजेपी

समाचार गेट/एजेंसी



चंडीगढ़। कांग्रेस की ओर से जारी की गई चार्जशीट का बीजेपी वर्कशीट से जवाब देगी। हरियाणा बीजेपी के कोर ग्रुप की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी नेताओं ने तय किया कि विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा। प्रदेश बीजेपी के कोर ग्रुप की मीटिंग पिंजौर गार्डन में हुई, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कोर ग्रुप के नेताओं ने चुनाव कैंपेन को लेकर अपने सुझाव भी दिए। पिंजौर गार्डन में अभी मैंगो फेस्टिवल चल रहा है।

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रफेसर रामबिलास शर्मा महेंद्रगढ़ में 16 जुलाई को गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त होने की वजह से बैठक में नहीं पहुंच सके। वहीं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डॉ. सुधा यादव भी बैठक में नहीं पहुंच सकीं। बीजेपी की ओर से चुनावी कैंपेन तैयार किया गया है। सीएम और प्रदेश अध्यक्ष ने यह कैंपेन कोर ग्रुप सदस्यों के सामने रखा। इस पर उन्होंने अपने विचार भी दिए और उसी हिसाब से कैंपेन में थोड़ा बदलाव करने का भी निर्णय हुआ।

कांग्रेस ने 15 पॉइंट पर बीजेपी सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी की है। इसमें महंगाई, बेरोजगारी, विकास, प्रदेश के कर्जे सहित कई घोटालों को भी मुद्दा बनाया है। कांग्रेसी इस चार्जशीट को लेकर घर-घर जाएंगे। बीजेपी के कोर ग्रुप के कुछ सदस्यों ने बैठक में इस चार्जशीट को लेकर भी बात रखी। इसके बाद तय किया गया कि कांग्रेस के आरोपों का मजबूती के साथ जवाब दिया जाएगा। कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल की बीजेपी के दस वर्षों के कार्यकाल से तुलना की जाएगी। लोगों को दोनों सरकारों के बीच के फर्क को समझाया जाएगा।बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर, पूर्व कृषि मंत्री ओम प्रकाश धनखड़, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और हरियाणा के सह प्रभारी सुरेंद्र नागर भी मौजूद थे।

### बाजार भाव

| | |
|---|---|
| सोना ₹ | 73,750 |
| चाँदी ₹ | 95,500 |

### आज का मौसम

| तापमान ° | |
|---|---|
| ज्यादा | 36 ° |
| कम | 28 ° |

### हंसना जरूरी है!

पिता- तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ..??
पुत्र- हेडमास्टर का बेटे फेल हो गयाह्व।
पिता- और तुम..??
पुत्र- डॉक्टर का बेटा भी फेल हो गयाह्व।
पिता- और तुम्हारा रिजल्ट कैसा आया..??
पुत्र- वो वकील का बेटा भी फेल हो गयाह्व।
पिता- नालायक, मैं तेरे रिजल्ट के बारे में पूछ रहा हूं!!
बेटा : तो आप कौन से रजनीकांत हो???
आपका बेटा भी फेल हो गया!!!

## थाईलैंड से डिपोर्ट कर लाया गया गुरुग्राम, STF ने किया गिरफ्तार



समाचार गेट/एजेंसी

गुरुग्राम। हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में बीते कुछ महीनों से रंगदारी के लिए गोलियां चलवाने वाले कुख्यात गैंगस्टर काला खैरमपुरिया को हरियाणा एसटीएफ ने अरेस्ट कर लिया है। शुक्रवार 12 जुलाई की देर रात थाईलैंड में रह रहे राकेश उर्फ काला को भारत डिपोर्ट कर दिया गया। जांच एजेंसियों से सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीमें देर रात ही दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। वहां सुरक्षा एजेंसियों से क्लियरेंस के बाद गैंगस्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ की और फिर उसे औपचारिक तौर पर स्पेशल टास्क फोर्स ने अरेस्ट कर लिया। एसटीएफ मुख्यालय भौंडसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसटीएफ चीफ डीआईजी सिमरदीप सिंह ने बताया कि हत्या के एक मामले में 2018 में राकेश उर्फ काला को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा दी थी। 2020 में जेल से परोल पर आने के बाद आरोपी फरार हो गया था। जिसके बाद भी ये लगातार वारदात कर रहा था। 2023 की शुरुआत में काला विदेश भाग गया था। विदेश से ये रंगदारी के लिए कॉल करता और रुपये न मिलने पर दहशत फैलाने के लिए हत्या व गोलियां चलवाने की वारदात करता। जांच शुरू हुई तो पता चला कि ये फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम बदलकर पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग चुका है। गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देकर इसका पता लगाने की कार्रवाई शुरू हुई।

जिसमें सामने आया कि ये फर्जी पासपोर्ट के आधार पर यूएई, अर्मेनिया और थाईलैंड में अलग-अलग समय पर छुपा रहा है गैंगस्टर काला खैरमपुरिया विदेश भागने के बाद हिमांशु भाऊ गैंग और नीरज फरीदपुरिया गैंग का संचालन करने लगा।

इनके शूटरों से संपर्क रखकर ये वारदात कराता। ये ही वारदात की प्लानिंग से लेकर हथियार मुहैया कराना, गाड़ी मुहैया कराने के सभी इंतजाम देखता था। गृहमंत्रालय से संपर्क कर एसटीएफ ने गैंगस्टर के खिलाफ लुक आउट नोटिस, इंटरपोल नोटिस जारी कराया। इसका पासपोर्ट रद्द कराया गया। लुकआउट नोटिस के आधार पर ही इसे दिल्ली एयरपोर्ट से अरेस्ट कर लिया गया है।

## शादी का दबाव बना रही थी नर्स, फौजी ने मार डाला

समाचार गेट/एजेंसी

फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद जिले में 15 फरवरी को घग्गर ने नदी में एक महिला का शव मिला था। शव को बोरी में डालकर फेंका गया था। पुलिस ने 5 महीने बाद महिला की इस हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले एक फौजी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवती शादीशुदा फौजी पर विवाह के लिए दबाव बना रही थी। इस बात से नाराज होकर फौजी ने चुन्नी और चार्जर की तार से उसका गला घोटकर मार डाला। इसके बाद उसके शव को बोरी में डालकर घग्घर में फेंक दिया था। मृतक महिला नर्स थी।हत्या के इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी फौजी रामफल के तीन दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक दोस्त हत्या करने में रामफल के साथ सहयोगी बताया गया है जबकि दो दोस्तों ने लाश ठिकाने लगाने में रामफल की मदद की थी। पकड़े गए तीनों युवकों की पहचान रतिया के वार्ड 3 निवासी बूटा सिंह, जगदीश व सागर सिंह के रूप में हुई है।

बता दें कि 4 फरवरी को टोहाना के मंघेड़ा निवासी 24 वर्षीय गोशा अचानक से लापता हो गई थी। वह घर से अस्पताल में 24 घंटे की नर्स की ड्यूटी कहकर निकली थी और वापस नहीं लौटी। पुलिस ने गुमशुदगी का पर्चा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसके बाद रतिया क्षेत्र में घग्घर में एक युवती की लाश बोरी में गली सड़ी अवस्था में मिली थी। जिसकी शिनाख्त 15 फरवरी को गोशा के परिजनों ने गोशा के रूप में कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला भी दर्ज कर लिया था।जांच के दौरान सामने आया कि गोशा का प्रेम प्रसंग साथ लगते गांव जाखते वाला निवासी फौजी रामफल के साथ चल रहा था।

## मेट्रो से शिकायत है, तो खुलकर बताएं

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली। आप अगर मेट्रो में सफर करते हैं और मेट्रो की किसी भी सर्विस को लेकर आपकी कोई शिकायत या सुझाव है, तो अब आपके पास मौका है खुलकर अपनी बात कहने का। डीएमआरसी सोमवार से अपना 10वां कस्टमर सेटिस्फैक्शन सर्वे शुरू करने जा रही है, जो अगले एक महीने यानी 14 अगस्त तक चलेगा। यह एक ऑनलाइन सर्वे होगा। इसमें शामिल होने वाले लोग दिल्ली मेट्रो की ऑफिशल वेबसाइट पर जाकर इस सर्वे में हिस्सा ले सकेंगे और विभिन्न विषयों पर खुलकर अपना फीडबैक दे सकेंगे।डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य मेट्रो की विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं के संबंध में यात्रियों से उनका फीडबैक लेना है,

ताकि अगर कहीं कोई कमी रह गई हो, तो उसमें सुधार किया जासके। सर्वे में हिस्सा लेने वाले यात्रियों से अलग-अलग विषयों पर विस्तार से फीडबैक लिया जाएगा। इसके लिए सवालों की लंबी फेहरिस्त तैयार की गई है, जिसके जवाब में लोग खुलकर अपनी बात कह सकेंगे।

## कस्टमर को 10 अगस्त तक 50 लाख रुपये दो

### सुप्रीम कोर्ट ने BMW कार कंपनी को दिया आदेश

समाचार गेट/एजेंसी





नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने लग्जरी कार निमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू को 2009 में मैनिफैक्चरिंग गड़बड़ी वाली कार देने पर, एक ग्राहक को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी । पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें प्रमुख कार निमार्ता कंपनी के खिलाफ अभियोजन को रद्द कर दिया गया था और कंपनी को दोषपूर्ण वाहन के स्थान पर शिकायतकर्ता को नया वाहन देने को कहा गया था।

पीठ ने 10 जुलाई के अपने आदेश में कहा, 'इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, हमारा विचार है कि निमार्ता 'बीएमडब्ल्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' को विवादित सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटान में 50 लाख रुपये की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। निमार्ता को यह राशि 10 अगस्त 2024 या उससे पहले शिकायतकर्ता को देनी होगी।'

पीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि जून-जुलाई 2012 में ही कार निमार्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुराने वाहन को एक नए वाहन से बदलने की पेशकश की थी।

पीठ ने कहा, 'हालांकि, शिकायतकर्ता ने इस पर सहमति नहीं जताई।

अगर शिकायतकर्ता ने वाहन का इस्तेमाल किया होता, तो आज की तारीख तक उसका मूल्य कम हो गया होता।' पीठ ने कहा कि सुनवाई के दौरान उसे बताया गया कि शिकायतकर्ता ने पुराना वाहन कार डीलर को लौटा दिया था। शिकायतकर्ता ने 25 सितंबर 2009 को 'बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज' कार खरीदी थी, जिसमें कुछ ही दिन बाद खराबी आने लगी।

# बिजेन्द्र नेहरा पृथला क्षेत्र में भाजपा को मजबूत कर रहे है: अनिल विज











समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। अंबाला से लगातार छठी बार के विधायक, भाजपा के वरिष्ठ नेता, हरियाणा सरकार के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज जी का फरीदाबाद ज़िले के पृथला विधानसभा क्षेत्र के गाँव साहूपुरा में बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा के भाजपा कार्यालय आने पर सभी पार्टी कार्यकताओं ने मिलकर भव्य स्वागत किया। अनिल विज ने कहा कि बिजेन्द्र नेहरा के ऑफिस पर पृथला क्षेत्र के कार्यकताओं से मिलकर बहुत अच्छा लगा है उन्होंने कहा कि बिजेन्द्र नेहरा पृथला क्षेत्र में लगातार बीजेपी को मजबूत कर रहे है। यही कारण है कि बीजेपी में बिजेन्द्र नेहरा का लगातार कद बढ़ रहा है। नेहरा को भाजपा ने हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता की बड़ी ज़िमेदारी दे रखी है नेहरा पृथला क्षेत्र के लोगों के सबसे ज्याद काम कर रहे है। बिजेन्द्र नेहरा यहाँ के सांसद कृष्णपाल गुर्जर के आशीर्वाद से पृथला क्षेत्र का विकास करा रहे है अनिल विज जी ने कहा कि बिजेन्द्र नेहरा मात्र 38 साल के हैं और नेहरा बीजेपी के युवा नेता है आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी युवाओं को जायदा टिकट देगी, इसलिए नेहरा मजबूती से जनता की सेवा करते रहे पार्टी सबको देख रही। अनिल विज ने कहा कि बिजेन्द्र नेहरा का उज्वल भविष्य है और मेरी उनको शुभकामनायें है।इस अवसर पर ज़िला पार्षद अवतार सारंग, नरवीर यादव, धर्मेंद्र तंवर फोजी, योगिंदर तंवर, सुरेंद्र शर्मा मलेरना, सुरेंद्र हुड्डा, रिछपाल सैनी, जितेंद्र कौशिक, मनोज तंवर, धीरू भाई भगत सिंह, अंशु जैन, मोनू अलालपुर, प्रदीप बनीवाल, नरेंद्र नेहरा, राहुल लांबा, साहिल नेहरा, साहिल सराव आदि प्रमुख पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### वैल बुद्धि अभियान से कांग्रेस ने बालक बुद्धि का परिचय दिया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। यह प्रतिद्वंद्विता चुनावों के दौरान तीखे हमलों में भी तब्दील हो जाती है। लेकिन जनता इसे सामान्य रूप में ही लेती है क्योंकि यह अपेक्षित ही है कि राजनीतिक विरोधी एक दूसरे पर हमले करेंगे ही लेकिन चिंताजनक स्थिति तब पैदा होती है जब राजनीतिक हमले शालीनता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की लक्ष्मण रेखा को लांघ जाते हैं। कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर जिस तरह के हमले किये जा रहे हैं वह राजनीति में शिष्टाचार खत्म होने का संकेत तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित हो रहा है कि कांग्रेस को मोदी को लगातार तीसरी बार मिला सरकार चलाने का जनादेश नहीं भाया है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

कांग्रेस को समझना होगा कि देश का प्रधानमंत्री किसी एक दल का नेता नहीं होता बल्कि वह समस्त भारतीयों का प्रधानमंत्री होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति दुनिया में भारत का चेहरा होता है। प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति से भले कितने भी वैचारिक और राजनीतिक मतभेद हों लेकिन उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही प्रधानमंत्री पर राजनीतिक हमले करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश के संवैधानिक पद का कोई अपमान नहीं हो जाये। लेकिन खेद की बात यह है कि देश पर सर्वाधिक समय तक राज करने वाली और देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री देने वाली कांग्रेस प्रधानमंत्री के पद का लगातार अपमान करने में लगी हुई है।

हम आपको याद दिला दें कि जब-जब गांधी परिवार के पास प्रधानमंत्री पद रहा तब-तब ही कांग्रेस ने इसका सम्मान किया। इतिहास उठा कर देखेंगे तो पाएंगे कि लाल बहादुर शास्त्री से लेकर नरेंद्र मोदी तक...कांग्रेस को यह पचा ही नहीं कि कैसे कोई गैर-गांधी परिवार का व्यक्ति देश पर राज कर रहा है। पिछला उदाहरण डॉ. मनमोहन सिंह का है। जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब उनके पास सारे अधिकार ही नहीं थे। मंत्री उनकी बात नहीं सुनते थे और सारे बड़े फैसले सोनिया गांधी करती थीं। इसके बाद जबसे नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तबसे कांग्रेस ने उनके खिलाफ निचले और निजी स्तर पर हमले करने का अभियान चलाया। मोदी पर कांग्रेस के हमलों का जवाब जनता चुनावों में देती रही लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सीटें क्या घटीं, कांग्रेस के हमले और निचले स्तर पर चले गये हैं।

हम आपको बता दें कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'वैल बुद्धि' करार देते हुए सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जिसे कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता आगे बढ़ा रहे हैं। भले कांग्रेस ने यह अभियान प्रधानमंत्री की ओर से राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताये जाने के जवाब में चलाया हो लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री पद की एक गरिमा होती है। संभव है कि कांग्रेस के 'वैल बुद्धि' अभियान के जवाब में भाजपा भी कोई अभियान शुरू करे। लेकिन सवाल यह है कि इस सबसे क्या हासिल होगा? संभव है कि सोशल मीडिया पर ऐसे अभियानों को ज्यादा लाइक्स और रिपोस्ट मिल जायें लेकिन क्या ऐसे ही अभियानों से लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। आज के नेताओं को अपने पूर्ववर्तियों से सबक लेना चाहिए जिन्होंने तमाम मतभेदों के बावजूद एक दूसरे के खिलाफ निजी हमले कभी नहीं किये और लोकतंत्र की गरिमा को बनाये रखा। बहरहाल, प्रधानमंत्री के खिलाफ वैल बुद्धि अभियान चला कर कांग्रेस ने वाकई बालक बुद्धि का परिचय दिया है।

# राखीगढ़ी देश की सबसे पुरानी मानव सभ्यता का शहर

समाचार गेट/ब्यूरो



पानीपत। हिसार के ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी के आसपास करीब 8000 साल पहले भी मानव सभ्यता मौजूद थी। आज का राखीगढ़ी, उस दौर में देश का पहला सुनियोजित नगर (प्लांड सिटी) हुआ करता था। यह खोज देश-दुनिया का इतिहास बदलने वाली है, क्योंकि अब तक पाकिस्तान (तब भारतवर्ष का हिस्सा) के सिंध प्रांत में सिंधु घाटी के आसपास बसी 6500 साल पुरानी हड़प्पा सभ्यता को देश की सबसे पुरानी सभ्यता माना जाता था। हड़प्पा सभ्यता बाहर के लोगों ने नहीं, हमारे ही लोगों ने बसाई थी, इसलिए हरियाणा को क्रेडल ऑफ इंडियन सिविलाइजेशन (भारतीय सभ्यता का पालक) माना जाता है।

यह कहना है डेक्कन डीम्ड यूनिवर्सिटी पुणे के पुरातत्वविद प्रोफेसर वसंत शिंदे का। प्रोफेसर शिंदे के नेतृत्व में ही 2015 में राखीगढ़ी के आसपास 900 स्क्वायर मीटर में खुदाई की गई थी, जिसमें कई कंकाल और सभ्यता के अवशेष मिले थे। अवशेषों की यूएस की हॉवर्ड यूनिवर्सिटी, लखनऊ के बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट, कोरिया से स्योल नेशनल यूनिवर्सिटी व हैदराबाद के सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मोलिक्युलर बॉयोलॉजी में इन पर काम चल रहा है। इन जगहों से आई रिपोर्ट का फाइनल एनालिसिस डेक्कन यूनिवर्सिटी में किया गया, जिसकी रिपोर्ट 10 दिन में तैयार हो जाएगी।

शिंदे के मुताबिक यह प्रचलित तथ्य भी गलत साबित हुआ है कि हड़प्पा के प्रमुख नगर मोहनजोदड़ो को पश्चिमी मेसोपोटामिया (ईराक, कुवैत, सीरिया-तुर्की के कुछ हिस्से यानी आज का पश्चिम एशिया रीजन) के लोगों ने आकर बसाया था। उल्टा यह साबित हो रहा है कि हमारे यहां के लोगों ने हड़प्पा, मेसोपोटामिया, इजिप्ट आदि सभ्यताओं के निर्माण में योगदान दिया। राखीगढ़ी मनुष्य के सभ्य होने के क्रमिक विकास का बेहद शानदार उदाहरण है।

जल्द ही हड़प्पा सभ्यता की थ्योरी को राखीगढ़ी वैज्ञानिक प्रमाणों के बारे में बदलने वाली है।

प्रोफेसर शिंदे के नेतृत्व में ही 2015 में राखीगढ़ी के आसपास खुदाई हुई थी, जिसमें कई कंकाल और सभ्यता के अवशेष मिले थे। प्रो शिंदे ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास क्रम की शुरुआत राखीगढ़ी से ही हुई है। इसके बाद हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ। धीरे-धीरे क्रमिक विकास कैसे होता है यह हमने राखीगढ़ी में दिखाया है। एक गांव छोटा कस्बा था। वह बाद में सुनियोजित नगर के रूप में उभर कर सामने आया। उत्खनन और शोध की बड़ी बात यह है कि सभ्यता की खोज की शुरुआत (डिस्कवरी) 1920 में हुई थी। हम इस प्रयास के सौ साल पूरे करने जा रहे हैं। पहली बार हम वैज्ञानिक तरीके से राखीगढ़ी को सिद्ध कर रहे हैं कि यहां के लोग कौन थे।

पुरातात्विक मामलों की समझ रखने वाले विजय नारायण सिंह ने कहा कि राखीगढ़ी की रिसर्च रिपोर्ट इतिहास को बदल देगी। वहीं, डॉक्टर अमित राय जैन ने कहा कि इन तथ्यों के आधिकारिक तौर पर सामने आने के बाद दुनिया को भारत का लोहा मानना ही पड़ेगा।

राखीगढ़ी ने सबसे बड़े पुरातात्विक महत्व के शहर मोहनजोदड़ो को प्रचीनता में पीछे छोड़ दिया है। हरियाणा के सात उत्खनन स्थलों से एक जैसी तारीखें मिली हैं। आर्यों के बाहर से आने के सिद्धांत को खारिज किया है। बहरहाल, डीएनए रिपोर्ट पर कुछ भी विस्तार से बताने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि डीएनए रिपोर्ट का रिव्यू कर रहे हैं।

# आयुर्वेद में 10 चीजों को बताया है अमृत

समाचार गेट
यश महलोनियां





नई दिल्ली। आयुर्वेद एक ताकतवर चिकित्सा पद्धति है। जिसके अंदर हर बीमारी का इलाज बताया गया है। इसमें बीमारियों का इलाज प्राकृतिक जड़ी-बूटियों, फूड्स आदि से किया जाता है। साथ ही शरीर को हेल्दी रखने के लिए हर स्थिति में अलग परहेज बताया गया है।

आयुर्वेद में कुछ खाद्य पदार्थों को अमृत कहा गया है। मतलब ये चीजें शरीर को कई गुना फायदा दे सकती हैं।

इनमें गजब की ताकत होती है जो शरीर की कमजोरी को खत्म कर सकती है। आइए जानते हैं कि आयुर्वेद के ये शक्तिशाली फूड्स के नाम क्या हैं?

भारत में प्राचीन काल से देसी घी और शहद का सेवन किया जा रहा है। ये दोनों खाद्य पदार्थ ताकत का भंडार हैं जो हर तरह की कमजोरी दूर कर सकते हैं। घी प्रोटीन, हेल्दी फैट देता है। दिमाग और डायजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाता है। शहद इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। साथ ही माइक्रोब्स को खत्म करता है।

### हल्दी और अदरक

इंफ्लामेशन शरीर की सबसे बड़ी दुश्मन है। जब भी बॉडी के अंदर कुछ खराबी आती है तो इंफ्लामेशन सबसे पहले परेशान करती है। हल्दी और अदरक दोनों में एंटी इंफ्लामेटरी, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो इस समस्या में मदद करते हैं।

### तुलसी और गिलोय

तुलसी का सेवन इम्यूनिटी बढ़ाने के काम आता है। यह आपके फेफड़ों के लिए बहुत अच्छी होती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की भरमार होती है। गिलोय आपके खून को साफ करती है। यह तनाव और एंग्जायटी भगाने में मदद करती है।

### आंवला और जामुन

आंवला में विटामिन सी होता है। यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। इससे स्किन और हेयर हेल्थ अच्छी होती है। जामुन शुगर की बीमारी में रामबाण साबित होता है। यह दिल की सेहत अच्छी रखता है। इसलिए बरसात में इसका सेवन जरूर करें।

### अश्वगंधा और शिलाजीत

शिलाजीत और अश्वगंधा आयुर्वेद की सबसे शक्तिशाली जड़ी बूटी हैं।

यह तनाव कम करने और स्टेमिना व ताकत बढ़ाने में मदद करती है।

इनसे दर्द, खून की कमी, थकान, कमजोरी को दूर करके ताकतवर बना जा सकता है।

# नीता अंबानी की बहू की मेहंदी में कहीं बनाया स्वास्तिक चिन्ह तो कहीं मोर-मोरनी का जोड़ा

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली शादी में हर किसी का ध्यान दुल्हन की मेहंदी पर जरूर जाता है। और जब मर्चेंट परिवार की बेटी अंबानी खानदान की बहू बनने वाली हो तो हर किसी को ये जिज्ञासा जरूर होगी कि आखिर अनंत अंबानी की दुल्हन राधिका मर्चेंट के हाथों पर किसी मेहंदी रची है। आइवरी कलर के लहंगे में सजी राधिका बहुत ही ज्यादा खूबसूरत लग रही थीं तो वहीं उनके हाथों की मेहंदी का रंग भी ये बता रहा था कि उनका दूल्हा उनसे कितना प्यार करता है। जिस तरह नीता अंबानी ने अपने हाथों पर राधा-कृष्ण और परिवार के नाम की मेहंदी लगाई थी, उसी तरह राधिका ने भी अपनी मेहंदी पर स्वस्तिक चिन्ह ल साथ-साथ और भी कई डिजाइन रचे थे। हाथों के पीछे था जाली वाला डिजाइनहाथ फूल से ढके राधिका के हाथों में बहुत ही बारीक मेहंदी लगाई गई थी। दोनों हाथों की उल्टी साइड एक सा डिजाइन बनाया गया था, जिसमें उंगलियों पर कमल के फूल और अंगूठे की साइड पर जाली वाला डिजाइन बना था, जो बहुत ही सुंदर लग रहा था। हथेली पर बनाया मोर-मोरनी का जोड़ा एक ओर जहां राधिका के उल्टे हाथ पर कम डिजाइन वाली मेहंदी लगी थी, वहीं इस बाला की हथेली पर बहुत ही खूबसूरत मेहंदी डिजाइन बनाया गया था, जिसमें मोर और मोरनी के जोड़े को खिड़की पर बैठा दिखाया गया था।

इसके अलावा उनलियों पर फूल बनाए गए थे। अनंत की दुल्हनिया के हाथों पर रची मेहंदी बहुत ही खूबसूरत लग रही थी।

# टाटा मोटर्स की सबसे खास और पावरफुल एसयूवी सफारी

समाचार गेट/अन्तराम



नई दिल्ली भारत में लोग बड़ी गाड़ी खरीदते समय बहुत सी बातों का ध्यान रखते हैं कि यह देखने में कैसी है और रोड प्रजेंस कैसा है। एसयूवी के अंदर स्पेस कितना है और सीट कंफर्टेबल है कि नहीं? आजकल तो पैनारोमिक सनरूफ का चलन भी ज्यादा है, ऐसे में अगर बड़ी एसयूवी खरीद रहे हैं तो इसमें सनरूफ जबरदस्त है कि नहीं। फीचर्स तो भर-भरकर होने ही चाहिए, जो कि ड्राइवर के ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर करने के साथ ही पैसेंजर के आराम के लिए सही है या नहीं। इन सबके बीच पावर और परफॉर्मेंस तो सबसे जरूरी है, क्योंकि जब आप इसे हाइवे पर चलाएंगे या कभी खराब सड़कों पर चलने की जरूरत पड़े तो यह कैसे रिस्पॉन्स देती है?

इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए टाटा मोटर्स ने भारतीय बाजार में अपनी आइकॉनिक एसयूवी सफारी की वापसी कराई थी और पिछले साल लॉन्च सफारी फेसलिफ्ट ने तो लोगों की सारी शिकायतें दूर कर दीं, जिसके बारे में लोग कभी-कभार बोल दिया करते थे। चलिए, अब आपको टाटा सफारी के बारे में इस रिव्यू आर्टिकल में विस्तार से बताते हैं।

**मस्कुलर लुक और आकर्षक डिजाइन**

हमारे पास रिव्यू के लिए टाटा सफारी अकॉम्प्लिश्ड प्लस 6 सीटर ऑटोमैटिक वेरिएंट आया, जो कि कॉस्मिक गोल्ड कलर की थी और यकीन मानें कि यह देखने में बेहतरीन थी। टाटा सफारी का इम्पैक्ट 2.0 डिजाइन लैंग्वेज जबरदस्त है।

4.66 एमएम लंबी यह मिडसाइज एसयूवी जब आप चला रहे होते हैं तो काफी लोगों की निगाहें इसपर टिकती हैं और इसके पीछे कई वजहें हैं। लुक की बात करें तो इसमें नई पैरामीट्रिक ग्रिल है और साथ ही बाई-एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप भी दिए गए हैं, जो कि फॉलो मी होम फीचर से लैस हैं। सफारी में वेलकम और गुडबाय एनिमेशन वाले फ्रंट और रियर एलईडी डीआरएल इसके लुक को और जबरदस्त बनाते हैं। इसमें सिक्वेंशियल एलईडी डीआरएल और सेंटर पोजिशन लैंप के साथ ही सिग्नेचर कनेक्टेड टेललैंप दिए गए हैं। इसके दरवाजों पर सफारी मस्कट दिया गया है। बाद बाकी इसमें क्रोम इंसर्ट वाले रूफ रेल्स, 19 इंच के डुअल टोन स्पाइडर अलॉय व्हील और रेन सेंसिंग वाइपर्स जैसी बाहरी खूबियां भी हैं।

**इंटीरियर और फीचर्स ऐसे कि देखकर दिल खुश हो जाएगा**

टाटा सफारी का इंटीरियर काफी बड़ा और प्रीमियम है। जब आप इसके अंदर बैठते हैं तो आपको किसी लग्जरी एसयूवी वाली फील आती है। सफारी के इंटीरियर में प्रीमियम सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, लेदरेट सीट्स और स्टाइलिश डोर पैनल शामिल हैं।

डैशबोर्ड का डिजाइन शानदार और समकालीन है। स्टीयरिंग भी अच्छा है, जिसे अडजस्ट किया जा सकता है। एंबिएंट लाइटिंग रात के समय सफारी के इंटीरियर में चार चांद लगा देती है। बाद बाकी इसमें 12.25 इंच का हरमन टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, 10.25 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, पथ के साथ कनेक्टेड वीइकल टेक्नॉलजी, वायरलेस चार्जर और 45 वॉट टाइप-सी फास्ट चार्जर, एयर प्यूरिफायर, जेबीएल का 10 स्पीकर वाला स्टीरियो सिस्टम समेत और भी काफी खूबियां हैं। पीछे की सीट पर बैठे यात्रियों के लिए चार्जिंग पोर्ट, लाइट और सामान रखने की व्यवस्था की गई है, जो कि काफी अच्छी चीज है।

**कंफर्ट और कन्वीनियंस से जुड़ी खूबियों की भरमार**

टाटा सफारी में ड्राइवर और को-ड्राइवर के साथ ही पैसेंजर की सुविधाओं और आराम के लिए भर-भरकर फीचर्स दिए गए हैं।

चूंकि, इसका व्हीलबेस 2741 एमएम का है, ऐसे में तीनों कतारों में बैठे लोगों को स्पेस की कमी नहीं होती। हालांकि, तीसरी कतारों में ज्यादा लंबी हाइट वालों को थोड़ी दिक्कत हो सकती है। बाद बाकी इसमें लग्जरी की कमी नहीं है। सफारी का जो वेरिएंट हमारे पास आया, वह 6 सीटर वेरिएंट है, जिसमें दूसरी कतार में कैप्टन सीट्स होते हैं। इसमें 6 तरीकों से अडजस्ट होने वाला पावर्ड ड्राइवर सीट है, जो कि मेमरी और वेकलम फंक्शन से लैस है।

साथ ही इसमें 4 तरीकों से अडजस्ट होने वाला और इलेक्ट्रिक बॉस मोड वाला को-ड्राइवर सीट भी है। बाद बाकी इसमें कूल्ड स्टोरेज और कप होल्डर के साथ फ्रंट आर्म रेस्ट, सेकेंड रो में कंफर्टेबल हेड रेस्ट और रियर सन सेड्स के साथ ही आर्म रेस्ट और कप होल्डर, लेदर अपहोल्स्ट्री और पहली और दूसरी कतारों की चारों सीटें वेंटिलेटेड हैं। इसके थर्ड रो में भी एसी वेंट्स दिए गए हैं। वेंटिलेटेड सीट्स और थर्ड रो एसी वेंट्स की वजह से सफारी के अंदर बैठे हर यात्री को इतना आराम मिलता है कि आप अगर लंबी दूरी तय कर रहे होते हैं तो किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होती।

**वॉयस कंट्रोल सनरूफ और डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल**

टाटा सफारी अपने विशाल केबिन के साथ ही पैनोरमिक सनरूफ के लिए भी उतनी ही पॉपुलर है। बारिश के मौसम में जब बारिश की बूंदें इसपर पड़ती हैं तो इतना अच्छा लगता है कि इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। बड़े सनरूफ की यही तो खासियत है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि आप सनरूफ को बहुत सी भाषाओं में बोलकर खोल सकते हैं, क्योंकि इसमें वॉयस असिस्टेंस फीचर भी है। साथ ही मूड लाइटिंग भी इसकी खूबसूरती को और बढ़ा देती है। सफारी में डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल फीचर भी दिया गया है, यानी ड्राइवर और को-ड्राइवर अपनी-अपनी जरूरतों के अनुसार अलग-अलग टेंपरेचर सेट कर सकते हैं। टाटा सफारी में कंपनी ने जेस्चर कंट्रोल्ड पावर्ड टेलगेट दिया है, यहां आप इसके बूट को कार के पिछले हिस्से में नीचे पैर घुमाकर भी खोल सकते हैं। साथ ही एक बटन दबाकर इसे बंद भी कर सकते हैं। एक और खास बात यह है कि आप अगर ज्यादा लोग कार के अंदर नहीं है और पिछली सीटों को मोड़ देते हैं तो आपको 680 लीटर का बूट स्पेस मिल जाता है।

**पावरफुल डीजल इंजन**

टाटा सफारी सिर्फ लुक और फीचर्स के मामले में ही पावरफुल नहीं है, बल्कि इसका इंजन भी काफी पावरफुल है। इसमें 2.0 लीटर का 4 सिलिंडर क्रायोटेक डीजल इंजन दिया गया है, जो कि 170 पीएस की पावर और 350 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इसका टॉर्क ऐसा है कि आप एक्सेलेटर पर हल्का सा पैर रखते हैं और यह हवा से बातें करने लगती है। अच्छी बात यह है कि डीजल इंजन होने के बावजूद इसमें केबिन साउंड ज्यादा नहीं है। हमारे पास सफारी का ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन वाला वेरिएंट आया, जिसे चलाना काफी स्मूद और ईजी थी।

बाद बाकी इसमें कंपनी ने पैडल शिफ्टर भी दिए हैं, जिसे आप ड्राइविंग के समय अपनी जरूरतों के अनुसार इस्तेमाल कर सकते हैं। टाटा सफारी को 12 सेकेंड से कम समय में 0-100 किलोमीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार पकड़ा सकते हैं। सफारी की टॉप स्पीड 175 है और हमने एक्सप्रेसवे पर इसे आराम में 150 पार करा दिया और इस दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं आई। सफारी का फ्यूल टैंक 50 लीटर का है।

टाटा सफारी ऑटोमैटिक की माइलेज कंपनी के मुताबिक 15.2 'kmpl' तक की है, लेकिन यह आदर्श स्थिति है, जिसे पाना मुश्किल है।

टाटा मोटर्स अपनी गाड़ियों में सेफ्टी फीचर्स के लिए जानी जाती है और सफारी इस मामले में सुपर से ऊपर है। इस मिडसाइज एसयूवी में 7 एयरबैग, अडवांस इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम के साथ 17 फीचर्स, इमरजेंसी कॉल या ब्रेकडाउन कॉल, ऑटोमैटिक वेरिएंट में अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, एबीएस, डे एंड नाइट रियर व्यू मिरर, इलेक्ट्रोनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रिब्यूशन, सीट बेल्ट वॉर्निंग, डोर अजार वॉर्निंग, ट्रैक्शन कंट्रोल, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, स्पीड अलर्ट, स्पीड सेंसिंग ऑटो डोर लॉक, हील डिसेंट कंट्रोल, हिल असिस्ट और सबसे जरूरी 360 डिग्री कैमरा है।

# अनीति को जीवित रहते कभी सहन नहीं करना चाहिये



समाचार गेट/एजेंसी

सोमनाथ का मन्दिर लूट कर महमूद गजनवी वापिस गजनी जा रहा था। उसके साथ एक लाख सेना थी।

एक पड़ाव पर जैसे ही सेना पहुँची कि डेढ़ सौ घुड़सवारों का एक जत्था लोहा लेने के लिये तीर की तरह बढ़ता आ रहा था।

टुकड़ी का नेतृत्व एक सत्तर वर्ष का बूढ़ा #राजपूत कर रहा था।

महमूद गजनवी समझ नहीं सका कि इतनी छोटी टुकड़ी आखिर क्यों एक लाख सेना से लड़ कर अपने को समाप्त करने आ रही है।

उसने दूत भेजा और इन लड़ाकुओं का मंतव्य पुछवाया।

बूढ़े नायक ने कहा– बादशाह से कहना कि संख्या और साधन बल में इतना अन्तर होने पर भी लड़ने का क्या परिणाम हो सकता है सो हम जानते हैं।

पर भूलें यह भी नहीं कि अनीति को जीवित रहते कभी सहन नहीं करना चाहिये।

घुड़सवारों की टुकड़ी जान हथेली पर रख कर इस तरह लड़ी कि डेढ़ सौ ने देखते देखते डेढ़ हजार को धराशायी बना दिया।

भारी प्रतिरोध में वह दल मर खप कर समाप्त हो गया।

पर मरते दम तक वे कहते रहे कि यदि हम आज एक हजार भी होते तो इन एक लाख से निपटने के लिये पर्याप्त थे।

इस बिजली झपट लड़ाई का महमूद पर भारी प्रभाव पड़ा।

वह राजपूतों की अद्भुत वीरता पर अवाक रह गया।

भविष्य की नीति निर्धारित करते हुए उसने नया आधार ढूँढ़ा।

भारतीयों को बल से नहीं जीता जा सकता, उन पर विजय पाने के लिए छल का प्रयोग करना चाहिए।

क्योंकि इस देश के निवासी छल से परिचित ही नहीं हैं।।

और आज भी कुछ लोग हिन्दुओ में जाती, पाती, ऊच, नीच, दलित, स्वर्ण जेसे छल का प्रयोग करके उन्हें बाँट रहे है।

यही हमारी कमजोरी है और यही हमारा पतन भी।

अंग्रेजो ने शिक्षा व्यवस्था बदल दी, संस्कृति बदल दी।

# आईएमए और भारत विकास परिषद की श्री राम शाखा ने 100 पेड़ लगाए और 200 पेड़ों का दान किया

समाचार गेट/ निकिता माधोगडिया




रेवाड़ी। आईएमए और भारत विकास परिषद के संयुक्त आयोजन में पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रकृति से जुड़ी खेती किसानी के समर्थन में जुगनू एग्री फार्म के ह्यखेती के रंगमंचह्न का भी शुभारंभ किया गया। उक्त जानकारी देते हुए आईएमए के प्रधान डॉ दीपक यादव ने बताया कि सीएमओ डॉ सुरेंद्र यादव ने कहा की हम खेती से जुड़ेंगे तो शरीर में विटामिन डी की कमी नहीं होगी और हम बड़ी बीमारियों से बचे रहेंगे। वरिष्ठ डॉ नरेंद्र यादव, डॉ आदेश सक्सेना ने भविष्य में भी ग्रामीण अंचल में बने जुगनू एग्री फार्म पर ग्रामीण समाज से रुबरू होकर स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं देने की मंशा जताई।

सभी ने अपने व्यक्तव्यों में कहा खेती, प्रकृति, पक्षियों को बचा कर ही समाज स्वस्थ्य जीवन जी पाएगा। पेड़ लगा कर कहा की पेड़ फ्री के डॉक्टर, हर घर लगाने का दिया संदेश, ग्रामीणों में बांटे पौधे।

जैतपुर के आसपास के पांच स्कूलों के बच्चों ने पर्यावरण पर पोस्टर बना उनकी प्रदर्शनी लगाई। ग्रामीण महिलाओं ने गीत गा कर पौधे लगाने की शुभ शुरुआत की।

मीरपुर यूनिवर्सिटी से डॉक्टर मुकेश कुमार (बैर्डमैन) ने घरेलू चिड़ियाओं गौरैया को वापस लाने के नुस्खे और फायदे बताए और घोंसले भेंट किए। अपना मनह्न फाउंडेशन की अनुराधा सैनी ने लोकल पेड़ों को लगाने की अपील की क्योंकि वे यहां की जलवायु में जल्दी और आसानी से बड़े हो जाते हैं

और ऑक्सीजन देने की सेवा में लग जाते हैं। इस अवसर पर 100 पेड़ लगाए व 200 पेड़ो का वितरण किया गया। इस अवसर पर आईएमए प्रेसिडेंट डॉ दीपक, सेक्रेटरी डॉ नीरज, सीनियर डॉ एनएस यादव, डॉ आदेश सक्सेना, डॉ तरुणा नेगी, डा प्रशांत, मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेंद्र, विशिष्ठ अतिथि डीएफओ दीपक पी पाटिल, मीरपुर यूनिवर्सिटी से पर्यावरण पर नेशनल अवॉर्डी डॉ मुकेश, प्रयास ग्रुप से पूर्व प्राध्यापिका शैफाली सैनी (मंच संचालन), डॉ पूनम, डॉ सुरेखा, गुलाबी पंख से डॉ सुमन, जैतपुर गांव के सरपंच लोकेश, रहनवां गांव के सरपंच नीरज एवं बच्चे, महिलाएं शामिल रही। सहारनवास गांव की ह्यदादी जी के सिलाई सेंटरह्न से महिलाओं ने जैतपुर की महिलाओं हेतु कपड़े के थैले बना कर भिजवाए।

भारत विकास परिषद की तरफ से डॉक्टर आरवी यादव क्षेत्रीय सचिव संपर्क, अध्यक्ष सीए जितेश अग्रवाल, सचिव डॉ दीपक यादव, कोषाध्यक्ष सचिन सिंगल, उपाध्यक्ष सीए जतिन सैनी, सहसचिव अमन गुप्ता, महिला संयोजिका सीए निधि गौतम, डॉक्टर प्रशांत यादव, नरेंद्र चौहान, सचिन गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में प्रमुख पर्यावरणविद योगेंद्र जी ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व बताया।

भारत विकास परिषद के सदस्यों ने वहां उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण के संरक्षण की शपथ दिलाई। जैतपुर के सरकारी स्कूल, आरवीएस, एसएस, विवेकानंद, एसडी स्कूल के बच्चे स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

# कांग्रेस विधायक ने किया आदर्श ग्राम योजना के तहत रास्तों का उद्घाटन

समाचार गेट/ निकिता माधोगडिया



रेवाडी। रेवाडी से कांग्रेसी विधायक चिरंजीव राव ने गांव लाधुवास अहीर व डुंगरवास में विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत रास्ते का उदघाटन किया। रास्ता बनवाने पर समस्त ग्रामिणों की तरफ से विधायक चिरंजीव राव का जोरदार स्वागत किया गया। जोरदार स्वागत करने पर विधायक चिरंजीव राव ने समस्त ग्रामिणों को धन्यवाद करते हुए कहा कि विपरित परिस्थितियों में भी रेवाडी की जनता ने मुझ पर विश्वास दिखाकर मुझे विधानसभा भेजा था, जिसको मैं कभी नही भुला सकता हूं। पिछले 5 साल में विपक्ष का विधायक होते हुए मैंने जनता को हक दिलाने की भरपूर कोशिश की है। सरकार से जो भी पैसा आया है उसकी पाई पाई विधानसभा में लग रही है। हांलाकि कुछ बडी परियोजनाएं पूरी नही हो सकी, जिसके लिए मैंने भरपूर कोशिश भी की और आपकी आवाज को विधानसभा में बार बार रखा है। लेकिन अब समय दूर नही है क्योंकि प्रदेश की जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है और कांग्रेस के हाथ में सत्ता की चाबी सौंपने कि ठान ली है। इसलिए अब 2 महीने बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर रेवाडी की दशा और दिशा बदल दी जाएगी। रेवाडी के रुके हुए सभी कार्य सूद सहित किए जाएंगे। शनिवार को आए उपचुनाव के नतीजों में साफ हो गया है कि जनता भाजपा से तंग आ चुकी है। उपचुनाव के नतीजों में कुल 13 में से 11 सीटें इंडिया गठबंधन ने जीती हैं।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार से पूछती है कि आखिर देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में क्यों है। आज घर घर में नशा कैसे फैला है। सरकारी पोर्टल व आईडी भष्ट्राचार के जनक व जनता के जी का जंजाल क्यों बने हैं। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में हजारों करोड के 50 से ज्यादा बडे घोटाले क्यों हुए हैं। आखिरकार किसानों को न्युतम समर्थन मूल्य क्यों नही मिल रहा है। भाजपा ने दलितों और पिछडे वर्ग की घोर उपेक्षा क्यों की। अगिनपथ और कौशल निगम के जरिए क्यों खत्म की पक्की नौकरियां। भाजपा सरकार ने हर वर्ग की उपेक्षा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी ने एडवोकेट कमल निम्बल को डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा

समाचार गेट/ निकिता माधोगडिया

रेवाड़ी। रेवाड़ी निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता कमल निम्बल को मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका ने उनके सामाजिक कार्य और विधि दर्शन में मानद उपाधि प्रदान की हैं। कमल निम्बल एडवोकेट बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से लगातार सामाजिक कार्यों में लग रहे है और कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद से लगातार विधि दर्शन में भी उनकी बहुत रुचि रही है और अपनी वकालत के माध्यम से अनेक लोगों को न्याय दिलवाया है। उनकी इस प्रतिभा को देखकर आज मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका द्वारा उनको डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

### होटल कर्मी को पिस्टल दिखाकर सामान ले जाने वाला आरोपी चंद घंटो में गिरफ्तार

समाचार गेट/ निकिता माधोगडिया

रेवाड़ी। एसपी गौरव राजपुरोहित के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना बावल पुलिस ने दिल्ली-जयपुर हाइवे पर एक होटल कर्मी को पिस्टल दिखाकर जबरदस्ती सामान ले जाने वाले आरोपी को चंद घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि दिल्ली-जयपुर हाइवे पर सावन चौक के नजदीक एक होटल पर काम करने वाले यूपी के जिला अलीगढ़ के गांव विजोली निवासी अनमोल शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया था कि 13 जुलाई की रात को वह होटल के कैश काउंटर पर बैठा हुआ था। रात को सवा 12 बजे गांव हरचंदपुर निवासी मनोज शर्मा उसके पास आया तथा जेब से पिस्टल निकालकर उसने धमकाते हुआ कहा कि उसके पास हथियार है। वह उसके साथ कुछ भी कर सकता है। इसी दौरान अनमोल की मोसी का लड़का विपिन भी वहां आ गया। आरोपी ने उसे भी पिस्टल दिखाकर धमकाया और होटल के काउंटर से जबरदस्ती कोल्ड ड्रिंक, सिगरेट, नमकीन व पानी की बोतल आदि सामान लेकर बिना पैसे दिए ही वहां से चला गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में मामला दर्ज करके मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी मनोज को चंद घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### 'धारूहेड़ा को उपमंडल का दर्जा दिलवाएंगे'



समाचार गेट/ निकिता माधोगडिया

रेवाड़ी। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश खोला ने अपने जन संपर्क अभियान के तहत रेवाड़ी विधानसभा के मुंडिया खेड़ा गांव में जन जागरण अभियान चलाया। लगभग 20 सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभांवित भी करवाया ग्रामीणों की मांग पर डॉ. सतीश खोला ने कहा की धारूहेड़ा को उपमंडल बनवाने का पुरा प्रयास करेंगे इसके लिए सभी नेताओं को साथ लेकर जल्द मुख्यमंत्री नायब सैनी से बात करेंगे। उन्होंने कहा भले ही रेवाड़ी विधानसभा से भाजपा का विधायक नहीं है लेकिन वहां भी मूल भूत ढांचे के विकास के लिए उतना ही पैसा मिला है जितना अन्य क्षेत्रों को।

उन्होंने कहा रेवाड़ी के विधायक अपने बाप दादा के दम पर छोटी राजनिति करते है, बिना मांगे क्षेत्र को पैसा दिया गया जबकि नाम अपना करने की कोशिश करते है जो उचित नहीं है, रेवाड़ी की जनता सब जानती है ग्रामीणों ने कहा की उनके गांव में लगभग 500 घर है उनकी पंचायत बालियार कलां के साथ है, नॉर्मस पूरे है इसलिए इनको अपने गांव की पंचायत बनाई जाए।

ग्रामीणों ने गांव की ओर भी समस्याएं रखी जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भेज दी गई है नवीन पंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। मांग पत्र पर राजेंद्र सरपंच, पृथ्वी पूर्व सरपंच, कंवर सिंह पूर्व सरपंच, अभय सिंह नंबरदार, रूपचंद नंबरदार, नवीन पंच, मनीष पंच, सूबे पंच, मधु पंच, सतीश, सुभाष, नित्यानंद, नरेश यादव, सतबीर यादव, राकेश यादव, राजकुमार, अमन, मित्रसेन, समर, धर्मवीर, शमशेर, ब्रह्मप्रकाश, ओम प्रकाश, सूबे सिंह, धनपत, हरिओम, रमेश, सुनील, दीपक, सतीश, सुंदरलाल, पवन, महिपाल, नीरज, वेद प्रकाश व मित्रासन यादव ने हस्ताक्षर किए।

# राजनीति में युवाओं की भागीदारी होनी चाहिए: राव इंद्रजीत सिंह

**कनीना,मुंडिया खेडा व सुंदरह में कर रहे थे धन्यवाद जन सभाओं को सम्बोंधित**

समाचार गेट/ सुनील दीक्षित



कनीना। राजनीति में ऐसी नई पौध लगाए जो वट वृक्ष का रूप धारण कर लंबे समय तक क्षेत्र की जनता की आवाज बुलंद कर सकें। ये बातें केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने रविवार को कनीना में आयोजित धन्यवादी दौरे के दौरान उपस्थित जनसमूह के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि चुनाव में युवाओं की भागीदारी होनी चाहिए। जिससे देश को नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि चुनाव की समयावधि नजदीक आते ही शगूफे छोडने शुरू हो जाते हैं। जिनके माध्यम से हलके से बाहर के व्यक्तियों को टिकट न देने को कहा जाता है। इस पर राव ने कहा कि अटेली हलके से भी शगूफे सामने आने लगे हैं। जबकि ऐसा करने वाले लोगों को इतिहास के पन्ने पलट कर देख लेना चाहिए कि जब हरियाणा में 81 हलके होते थे उस समय कनीना विधानसभा क्षेत्र होता था। उसके बाद 9 हलकों का विस्तार कर परिसीमन आयोग ने कनीना को तोडकर रेवाडी जिले में जाटूसाना हलका बना दिया। कनीना व उसके 24 गावों को जाटूसाना में जोड दिया गया। उसके बाद 2009 में पुनः परिसीमन आयोग की सिफारिश लागू हुई जिसमें अटेली हलका बना दिया गया। ओर कनीना को अटेली के साथ मिला दिया गया। जो लोग बाहरी कहते हैं उन्हें इस बात को समझना चाहिए।राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि उनकी ओर से किसी भी व्यक्ति को किसी भी विधानसभा क्षेत्र से टिकट का आशीर्वाद नहीं दिया गया है। लोकसभा चुनाव में चौ धर्मवीर सिंह को जीताने पर जनता का धन्यवाद किया। इसे पूर्व उन्होंने मुंडिया खेडा तथा सुंदरह में भी जनसभा आयोजित कर जनता का आभार जताया। आरती राव ने कहा कि वे विधान सभा चुनाव लडेगीं। जिसमें अटेली हलका उनकी प्राथमिक्ता है। भिवानी महेंद्रगढ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह के दामन पर कोई दाग नहीं है। अमर शहीद राव तुलाराव के वंशज ने राजनीति में लंबी पारी खेली है। उनके आव्हान पर 36 बिरादरी ने उन्हें अपना मत देकर विजयी बनाया है। अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित को लेकर बहुत गंभीर है। सरकार की ओर से जनहित में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं।

इस अवसर पर प्रो रोशन लाल, नपा के पूर्व प्रधान मा दलीप सिंह, पंस कनीना के चेयरमैन जेपी यादव, रमेश महलावत,विकास यादव,ताराचंद,कंवर सिंह कलवाडी,डा रविंद्र कौशिक, विक्रम सिंह, सुरेश यादव, रमेश कलाहवडिया, भरपूर सिंह, दीपक चौधरी,अन्नु सहिलंगिया, सीके सन्नवाल, जसवंत यादव, सरपंच कृष्ण सिंह, सुरेश वशिष्ठ उपस्थित थे।

# भाविप की ओर से कनीना में लगाए जाएगें 200 पौधे



समाचार गेट/ सुनील दीक्षित

कनीना। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब कनीना में भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने बारिश के मौसम में विभिन्न प्रजाति के दो सौ पौधे लगाने का निर्णय लिया। निकी देखरेख के लिए कृष्ण सिंह की जिम्मेदारी लगाई गई। भाविप के शाखा संरक्षक कंवर सैन वशिष्ठ ने कहा कि पौधे लगाने के बाद उनके पालने की जिम्मेवारी जरूरी है।

डॉ नरेन्द्र वोहरा ने कहा शाखा शाखा की ओर से समाजहित में कार्य करना चाहिए। इस मौके पर मोहनसिंह, राजकुमार, जितेन्द्र,लखनलाल, राजेश कुमार, सरिता भारद्वाज, धनपत सिंह,महेश वोहारा उपस्थित थे।

# एसडी ककराला में हुआ पीटीएम का आयोजन

समाचार गेट/ सुनील दीक्षित



कनीना। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में रविवार को अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें 1106 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व को समझाने पर बल दिया।

उन्होंने अभिभावकों से विद्यार्थियों की अध्ययन सम्बंधी समस्याओं तथा उनकी रूचि के बारे में जानकारी हासिल कर उनका समाधान किया।

विद्यालय प्रबंधन व विषय अध्यापकों के साथ मंथन भी किया।

शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों व विषयों पर भी विचा-विमर्श किया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की दिनचर्या,उनके व्यवहार, समय-सारिणी, खेलकूद व रुचि के बारे में शिक्षकों को परिचित करवाया।

इतना ही नहीं उन्होंने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट लेने में भी रुचि दिखाई।

जगदेव यादव ने अध्यापक-अभिभावक बैठक को लेकर कहा कि जागरुक अभिभावकों के लिए अध्यापकों से समय-समय पर विचार विमर्श करने व बच्चों के लिए सही मार्ग का चयन करने तथा सहयोग का आधार है। जिस प्रकार तीन भुजा मिलकर त्रिभुज का आकार बनाती है

उसी प्रकार अभिभावकों के सहयोग से विद्यार्थी बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि यह बैठक शैक्षिक जानकारी के साथ-साथ सम्पूर्ण व्यवहार, सामर्थ्यता से संबंधित बातों के आदान-प्रदान के लिए भी सहायक है। अध्यापक एवं अभिभावकों का विचार-विमर्श छात्र के जीवन को नई दिशा प्रदान करने की क्षमता रखता है।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को होगी ब्रजमंडल (मेवात) धार्मिक यात्रा

समाचार गेट/ निकिता माधोगडिया



रेवाड़ी। विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल की छोटी टोली की एक विशेष बैठक रखी गई जिसमें ब्रजमंडल (मेवात) धार्मिक यात्रा को लेकर योजना पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने की। राधेश्याम मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रांत योजना अनुसार ब्रजमंडल धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा विशेषतः संतों के मार्गदर्शन व आव्हान पर हिंदू समाज द्वारा की जानी है।

जिला मंत्री राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि संतों के मार्गदर्शन में यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। यात्रा को भव्य व दिव्य बनाने के लिए सोमवार 15 जुलाई को सायं 4 बजे शिव मंदिर नई अनाज मंडी में एक विशेष बैठक बुलाई जा रही है

जिसमें संत समाज, हिंदू समाज व अन्य सभी धार्मिक व सामाजिक संगठन भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा है कि समाज के लोग व अन्य जनमानस भी इस बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। बैठक में यात्रा के प्रारुप व तैयारी को लेकर भी सभी से विचार विमर्श किया जाएगा।

इस अवसर पर विभाग सामाजिक समरस्ता प्रमुख रामप्रसाद यादव करनावास, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी, जिला सह मंत्री परमेश कुमार, बजरंग दल संयोजक सुमित शर्मा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंघल, जिला आईटी प्रमुख महिपाल यादव, नगर संयोजक चंद्रमा गुप्ता, भाड़ावास प्रखंड मंत्री संजय, नगर गोरक्षा प्रमुख नवीन, सह प्रमुख प्रवीन, हितेश वार्ड संयोजक, विकास रामपुरा संयोजक, सचिन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हृदय एवं नेत्र रोग जांच शिविर में 135 मरीजों ने उठाया स्वास्थ लाभ

समाचार गेट/ सुनील दीक्षित



कनीना। कनीना मंडी स्थित शिवलाल की धर्मशाला में रविवार को सेवा भारती की ओर से 76वां ह्यद्दरोग एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 135 मरीजों ने जांच कर दवा वितरित की। हृद्दरोग विशेषज्ञ डॉ अश्वनी यादव,धनराज,प्रवीना, मोनू,राजकुमार,पुनम, विजय,अक्षित की टीम ने शिविर में सेवाएं दी। मरीजों को ईसीजी,बीपी,शुगर के बारे में परामर्श दिया गया। इसी प्रकार नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेमसागर, अमन,निशाद,गोपाल व अनूप की टीम ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उनकी ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर डॉ वेदप्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, श्यामसुंदर, सोमदत्त, दिनेश कुमार, राकेश सिंगला, प्रेम सिंगला, यादराम,जगदीश गुप्ता उपस्थित थे।

